newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - २१ | १२ से १८ जून २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## देश का इतिहास

हमारे देश का नाम प्राचीन राजा भरत के नाम पर भारत पडा , इस प्रकार हमारे देश का राजनीतिक इतिहास प्राचीन काल से चला आ रहा है, जहां तक हमारे देश के राजनीतिक इतिहास की बात की जाए , हमारे देश में भी प्राचीन काल में सिंधु घाटी सभ्यता के लोग भी समूह में रहते थे, उनके घर पास पास थे , जिनसे गलियां बनती थी , घरों से पानी निकालने के लिए नालिया बनी हुई थी , इस प्रकार सिंधु घाटी सभ्यता में भी एक बहुत बडा स्नानघर मिला है , इन बातों से साफ जाहिर होता है कि लोग आपस में अवश्य इकट्ठे होते थे तथा अपने विकास की बात किया करते थे , उनके बर्तन, खानपान एवं रहन–सहन से पता चलता है कि इंसान अकेला नहीं रहता था , एक परिवार , एक समाज और एक नगर में रहता था , इस प्रकार कोई न कोई प्रशासन या राजनीति जरूर रही होगी, इसी प्रकार प्राचीन भारत में मौर्य साम्राज्य का काल आया , जिसमें सम्राट अशोक महान ने राजनीति को और तेज किया , अपने नियमों और कानून को शिलालेख पर लिखवाया , कानून तोडऩे वाले को सजा दी जाती थी, राजा की सहायता के लिए गुप्तचर लगाए जाते थे , जो जनता की बात को राजा तक पहुंचाने का काम करते थे , एक राजा का दूसरे राजा के साथ युद्ध होना या संधि होना एक तरह की राजनीति थी , जो लेखक चाणक्य ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक अर्थशास्त्र में लिखी है, राजपूत काल में कई बार राजा को या बादशाह को धोखे से बंदी बना लिया जाता था , यह सब राजनीति के दांवपेच पर काम करते थे , इसी प्रकार मध्यकालीन भारत में या मुगल काल में भी बाबर , हुमायूं, अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब के समय भी हमेशा राजनीतिक दांवपेच लगाकर युद्ध किया जाता था , जब मुगल भारत पर हमले की सोच रहे थे, तब कई भारतीय राजाओं ने उनका साथ दिया , बादशाह अकबर के समय तो भारत के सभी राजा अकबर के साथ थे , इतना ही नहीं कई बादशाह द्वारा भारत में अनेक स्मारक एवं किले बनवाए गए , महल बनाए गए जिसमें बैठकर बादशाह शासन को चलाया करते थ, अंग्रेजों के आगमन के समय भारतीय राजाओं की आपस में फूट थी, जिसका फायदा अंग्रेजों ने उठाया तथा यहां अपने पैर जमा दिए , अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो ,की नीति अपनाकर शासन को चलाया , अंग्रेजों के शासन के समय भारत की राजनीति बहुत तेज थी , जनता में भरपूर आक्रोश था , अंग्रेजों ने इस आक्रोश को अथवा इस क्रांति का दमन किया, भारत छोडो आंदोलन , असहयोग आंदोलन , नमक आंदोलन आदि पर अंग्रेजों ने भारतीयों के साथ अच्छी तरह से राजनीति की , देश आजाद होने के बाद हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं सरदार वल्लभभाई पटेल को भी बहुत बडी विपदा का सामना करना पडा भारत–पाक बंटवारे के साथ देसी रियासत अलग रहना चाहती थी, लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयास एवं राजनीतिक दांवपेच से पूरे भारत को एक कर दिया गया, पंडित नेहरू जी के बाद भारत में कई प्रधानमंत्री बने जिनमें श्रीमती इंदिरा गांधी भी प्रमुख है , उनके बाद प्रधानमंत्री बदलते गए , वर्तमान में हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी , जो देश को संभाल रहे हैं, इस प्रकार कई प्रधानमंत्रियों द्वारा भारत देश का नाम विश्व पटल पर लाने में राजनीति की , आज भारत भी विश्व के प्रमुख देशों में गिना जाता है , जो कि हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है !

# यह सम्मान मनपा का नही पूरे शहरवासियों का है - आयुक्त

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : मीरा भायंदर महानगर पालिका को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने माझी वसुंधरा अभियान के तहत पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा के लिए राज्य स्तर पर उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रथम रैंक के रूप में सम्मानित किया। माझी वसुंधरा अभियान ३.० के तहत स्थानीय निकायों के लिए प्रकृति से जुडे.पांच तत्वों भूमि, जल, वायु, अग्नि और आकाश पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के तहत मीरा भायंदर महानगर पालिका को ३ से १० लाख की जनसंख्या समूह में सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन करने वाले अमृत शहरों में शामिल किया गया है। मीरा भायंदर महानगर पालिका को माझी वसुंधरा अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा एवं जतन हेतु राज्य स्तर पर ३ से १० लाख तक की जनसंख्या समूह में प्रथम स्थान एवं भूमि विषयक क्षेत्र में प्रथम श्रेणी प्रमाण पत्र ५ जून २०२३ को विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करने के लिए आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले, अपर आयुक्त अनिकेत मनोरकर, उपायुक्त संजय शिंदे, उपायुक्त रवि पवार,




उपायुक्त कल्पिता पिंपले, नगर अभियंता दीपक खम्बित, नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे. मीरा भायंदर महानगर पालिका को कुल ९ करोड.रुपये का पुरस्कार मिला। आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले ने माझी वसुंधरा अभियान ३.० के तहत उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए मीरा भायंदर महानगर पालिका के अधिकारीयों के लगन और मेहनत को सराहा। कमिश्नर ने मीरा भायंदर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल मनपा का नहीं बल्कि पुरे मीरा भायंदर के नागरिकों का भी है। साइक्लोथॉन २०२३, इंटर्नर्स द्वारा नुक्कड.नाटक के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम, माझी वसुंधरा हरित शपथ कार्यक्रम, वन महोत्सव २०२३, वृक्षारोपण कार्यक्रम, मियावाकी अवधारणा से साकार हुए शहरी वन का समर्पण, मीरा भायंदर नगर उद्यान विभाग द्वारा पांच तत्वों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए मीरा भायंदर मनपा को वसुंधरा ३.० अभियान पुरस्कार के लिए चुना गया था। माझी वसुंधरा अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिता का सम्मान समारोह ५ जून, २०२३ को टाटा थियेटर, एनसीपीए, नरीमन प्वाइंट में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

# मोबाइल के डाटा से खुलेगा हत्या का रहस्य, पुलिस कर रही है तेजी से जांच

**जेकेएस संवाददाता**

**मीरारोड** : मीरारोड में हुए सरस्वती हत्याकांड में पुलिस आरोपी मनोज और मृतका सरस्वती के मोवाइल फोन की जांच कर रही है। डीसीपी जयंत वजवले ने बताया कि मोबाइल फोन का डेटा आने के बाद हत्या का कारण समझने में आसानी होगी। डीएनए जांच की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। सोमवार तक पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि आरोपी लगातार अपने बयान बदल रहा है। सूत्रों का कहना है कि आरोपी ने हत्या के बाद सरस्वती का मोबाइल फॉमेंट कर सारा डाटा डिलीट कर दिया था। पुलिस मोबाइल से डेटा रिकवर कर रही है। मनोज और सरस्वती के मोबाइल का सीडीआर भी खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सीडीआर से मामले को सुलझाने में काफी मदद मिलेगी। मामले की गंभीरता का देखते हुए पुलिस तेजी से जांच कर रही है। सरस्वती की बहनों, मनोज के चाचा और भाई सहित पुलिस आधा दर्जन लोगों का बयान अब तक दर्ज कर चुकी है।



आरोपी मनोज ने पुलिस को बताया था कि उसे एचआईवी है। सूत्रों का कहना है कि आरोपी के देह व्यापार में लिप्त महिलाओं के साथ संबंध थे। एचआईवी में खाए जाने वाली दवाएं भी पुलिस को प्राप्त हुई हैं। इससे मनोज को एचआईवी होने की बात सच हो सकती है।

सरस्वती दसवीं के दो सब्जेक्ट की परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

कमरे में एक बोर्ड मिला है, जिस पर दसवी के विषयों के बारे में लिखा है।

शव के टुकडों को बहाने और कुत्तों के खिलाने के अब तक सबूत नहीं।

घर के किचन, बाथरूम और टॉइलेट की फोरेंसिक जांच जारी

मनोज को हत्या करने का कोई पश्चाताप नहीं

बीजेपी की महिला प्रदेशाध्यक्ष चित्रा वाघ ने लिव–इन रिलेशन पर रोक की मांग की है। उन्होंने लडकियों से अपील की है कि वे लिवइन रिलेशन में रहने के वजाय माता–पिता की मर्जी पर शादी करें। वाघ ने शनिवार को डीसीपी जयंत वजवले से मुलाकात की। वाघ ने पुलिस जांच पर संतोष जताया है।

# एमएमआरडीए की धीमी कार्यप्रणाली पर विधायक ने उठाया सवाल

भाईंदर : मीरा भायंदर शहर में मेट्रो लाइन–९ प्रोजेक्ट का काम पिछले कई सालों से चल रहा है। इस कार्य के दौरान शहर की कई सडक़ें प्रभावित हुई हैं और कई जगह गड्ढे हो गए हैं. आने वाले मानसून में उक्त सडक़ पर पानी जमा होने से दुर्घटना होने की प्रबल संभावना है। मीरा भायंदर शहर के दोनों विधायक गीता भरत जैन और विधायक प्रताप सरनाईक ने मनपा और एमएमआरडीए अधिकारीयों के साथ मंगलवार को मेट्रो काम काज का निरीक्षण किया और सुझाव भी दिए। इस अवसर पर मानसून पूर्व आवश्यक कार्यों की समीक्षा की गई। मीरा भायंदर की विधायिका ने संबंधित अधिकारियों को अधूरे कार्यों को अगले ८ दिनों में पूरा करने के भी निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान मीरा भायंदर महानगर पालिका के आयुक्त और प्रशासक दिलीप



ढोले, एमएमआरडीए, मुख्य अभियंता मधुकर खरात, श्रीमती योजना पाटिल, संबंधित ठेकेदार, मनपा अधिकारीयों सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे. विधायक प्रताप सरनाईक ने एमएमआरडीए अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि एमएमआरडीए के अधिकारियों व मनपा के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर मेट्रो कार्य के चलते सडक़ के गड्ढों को बंद करने, मेट्रो के काम के दौरान खुले छोडे.गए सीवर व नालों को बंद करने जैसे सभी कार्य करें, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एमएमआरडीए के अधिकारियों ने विधायकों को आश्वासन दिया कि मानसून से पहले सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि मेट्रो के काम से नागरिकों को कोई परेशानी न हो। मंगलवार को दहिसर से मीरा–भाईंदर मेट्रो रूट नंबर ९ मेट्रो कार्य का निरीक्षण दौरा आयोजित किया गया। दहिसर चेकनाका से गोल्डन नेस्ट सर्कल तक मेट्रो लाइन पर काम का निरीक्षण किया गया। पिछले ३ साल से मेट्रो का काम चल रहा है, इसलिए कई जगहों पर सडक़ें खराब हो गई हैं। इससे हादसे हो रहे हैं। मेट्रो के काम का मटेरियल, सडक़ किनारे पडा.मलबा। सुरक्षा की दृष्ठि से विधायक सरनाईक ने सुझाव दिया कि बैरियर गेट बनवाए जाएं, यातायात में बाधा डालने वाले मलबा व सामग्री को हटाया जाए। एमएमआरडीए की धीमी कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए विधायक सरनाईक ने कहा कि वह अगले चार दिनों में सभी कार्यों को बहाल कर दिया जाये और वह इसी हफ्ते फिर से मीरा रोड का दौरा करेंगे। विधायक प्रताप सरनाईक ने एमएमआरडीए के नए मेट्रोपोलिटन कमिश्नर से फोन पर मीरा भायंदर मेट्रो के काम पर चर्चा की और बताया कि मेट्रो के काम में तकनीकी दिक्कतों को दूर करने और समग्र रूप से अन्य फैसले लेने के लिए हम अगले हफ्ते मुंबई में बैठक करेंगे.

# एयरपोर्ट के निर्माण में आ रही दिक्कतों को तत्काल दूर किया जाए



**नवी मुंबई** : अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर २२ किमी का सिलिंक एक महत्वपूर्ण कडी होगा। हर साल ९ करोड.यात्रियों को ले जाया जाएगा। इसलिए यह प्रोजेक्ट बडे.शहर के लोगों के लिए राहत की बात है। इसकी क्षमता बढाने के लिए युद्ध स्तर पर अनुमति देने का काम चल रहा है। पहले चरण में चार टर्मिनल हैं और इसमें ४२ विमान आ सकेंगे। ५५०० क्षमता की कार पार्किंग होगी। हवाई अड्डा ११.४ किमी के क्षेत्र में है और इसमें दो रनवे होंगे। इस संबंध में उन्होंने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य एयरपोर्ट की समस्याओं का समाधान कर कार्य में तेजी लाना है. चूंकि संचार के विभिन्न साधन इस हवाईअड्डे से जुडेंगे, इसलिए इस हवाईअड्डे को देश का अनूठा हवाईअड्डा माना जाएगा। ये मिस्टर एयरपोर्ट के जरिए मुंबई की अच्छी यात्रा कराएंगे फडणवीस ने कहा। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एयरपोर्ट के निर्माण में आ रही दिक्कतों को तत्काल दूर किया जाए और २०२४ में यात्री यातायात शुरू किया जाए.

## विदेशी नाइजीरियन के पास से मेफेड्रोन बरामद



मीरा रोड पूर्व के हाटकेश परिसर में जीसीसी क्लब के पास स्थित बाबा टायर के पास एंटी नारकोटिक्स सेल को गश्त लगाते समय एक विदेशी नाइजीरियन नागरिक को कंधे पर ब्राउन रंग की हैंडबैग लटकाए हुए संदिग्ध अवस्था में कहीं जाते हुए दिखाई दिया. पुलिस की गश्त टीम ने उसे रोककर उसके बैग की जांच करनी चाही लेकिन वह नागरिक भागने की कोशिश करने लगा पुलिस ने उसे पकड.कर उसकी तलाशी ली तो उसके बैग में १० लाख ६० हजार रुपए मूल्य के ५०३ ग्राम मेफेड्रोन नामक प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद हुआ, जिसके खिलाफ काशीमीरा पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट १९८५ की काम ८ (क) २२ (क) के तहत अपराध दर्ज किया गया है. मीरा रोड, काशी मीरा भायंदर परिसर में मादक पदार्थों की खरीद बिक्री करने वाले नागरिकों की खोज कर उनके पास कुछ भी संदिग्ध वस्तु, सामग्री मिलने पर कानूनी कार्रवाई करने की सूचना तर अधिकारियों ने दी थी.

# पुलिस की सख्ती हुई तेज, महिलाओं पर अत्याचार करनेवालों पर कडी कारवाई

## पहले समझाएंगे, नहीं समझे तो जेल की हवा खिलाएंगे

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड, मीरा भायंदर वसई विरार आयुक्त की ओर से पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे के मार्गदर्शन में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार और अन्याय की शिकायत की जांच कर उस पर आवश्यक कार्रवाई हो. इसके लिए पुन: धैर्य मुहिम शुरू किया गया है. इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य यह है कि पति–पत्नी के केस में पुलिस पहले दोनों पक्ष को समझाती है और फिर समय देती है. इस दौरान बीच–बीच में महिलाओं से पूछताछ किया जाता है कि सब ठीक चल रहा है कि नहीं ? अगर महिलाओं ने असहमति जताई तो फिर उन्हें सताने वालों को पुलिस जेल की हवा खिलाती है यानि मामला दर्ज कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाती है. इन दिनों महिला की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल को लेकर एक बार फिर पुन: धैर्य मुहिम के तहत जनवरी से अप्रैल के बीच मीरा भायंदर की ६५७ महिला शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उन्हें दोबारा तकलीफ तो नहीं दी जा रही, इस संबंध में पूछताछ की गई, जिसमें से ४ महिलाओं ने दोबारा तकलीफ दिए जाने की शिकायत पुलिस से की, पुलिस ने उन चारों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है.

जनवरी माह में करीब १८६ महिलाओं से संपर्क किया गया था, जिसमें से ४ महिलाओं ने दोबारा परेशान किए जाने की शिकायत पुलिस से की थी. उसके अनुसार पुलिस ने संबंधित चारों पर अपराध दर्ज किया था. इस योजना को पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा संचालित किया जाता है, और पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी उन्हें ही सौंपी गई है. पुलिस आयुक्त बीच–बीच में इसकी समीक्षा करते रहते हैं. पुन: धैर्य मुहिम के तहत पुलिस ने फरवरी में १५७ मार्च में १७४ और अप्रैल में १५८ महिलाओं से संपर्क कर उन्हें दोबारा परेशान तो नही किया ज रहा इसकी खोज खबर ली थी.

हर शनिवार को पुलिस थाने में शिकायत निवारण दिन की शुरुआत करने का निर्देश पांडे ने दिया है. जांच के दौरान ७ शिकायतकर्ता महिला व प्रतिवादी को बुलाकर कानूनी कार्रवाई और दोनों की सहमति से विवाद को मिटाने का प्रयत्न पुलिस द्वारा किया जाता है. एक बार दोनों के बीच समझौता हो जाने के बाद दोबारा शिकायतकर्ता महिला को परेशान किए जाने के मामले भी सामने आते हैं. इसलिए पिछले १ वर्ष से शिकायतकर्ता महिलाओं से पुलिस समय–समय पर संपर्क कर उन्हें दोबारा परेशान तो नहीं किया जा रहा, इसकी पूछताछ करते रहती है. महिलाओं द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत किए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाती है.



मोदी @९ महाजनसम्पर्क अभियान के तहत भायंदर पश्चिम के जे. एच. पोदार हाईस्कूल मे लाभार्थी सम्मलेन का आयोजन किया गया. जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष और मीरा भायंदर शहर जिला भाजपा प्रभारी श्री जयप्रकाश ठाकुर जी, विधायिका श्रीमती गीता जैन जी, और पार्टी के अपने पदाधिकारियों और सहयोगी के साथ उपस्थित रहे. जिसमे बड़ी संख्या मे मोदी सरकार द्वारा चलायी गयी योजनाओं के लाभार्थी ख़ासकर महिलाओ ने बड़ी संख्या मे हिस्सा लिया. इस सफल आयोजन के लिए अभियान समिति के सभी सदस्यों को बधाई.

# अधुरी हुई नालों की सफाई, मान्सून ने दस्तक

**भायंदर :** मीरा भायंदर मनपा द्वारा हर साल करोडों रुपये खर्च किए जाने के बाद भी मानसून पूर्व नाले सफाई का कार्य संतोषजनक नहीं होता है. शहर में जाफरी, मुर्धा खाडी सहित १५५ १६० छोटे, बडे.प्रमुख नाले हैं. उक्त नाले की सफाई के लिए पांच से साढे.पांच करोड.रुपये का प्रावधान किया गया हैं. नाले की सफाई समाधान कारक नहीं होने के कारण अब इस मुहिम में जनता को भी सहभागी करने हेतु शिकायत निवारण कक्ष की स्थापना कर हेल्पलाइन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि एवं जिला प्रवक्ता प्रकाश नागणे ने मनपा आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले से की है. नागणे ने आरोप लगाया है की नाले की सफाई का काम अप्रैल से चल रहा है, अब मानसून का मौसम आ रहा है. जबकि नाले की सफाई सतह पर ही की गई है, नीचे की सतह से गाद पूरी तरह से नहीं हटाया गया है, प्लास्टिक की थैलियां, बोतलें और अन्य कचरा पानी पर तैरता हुआ पाया जा रहा है, कुछ गाद नाले से बाहर निकाल कर सूखने नाम पर अलग रख दी जाती है जो पुन: नाली में चली जाती है. हर साल आयुक्त नालों की सफाई के कार्य की समीक्षा के लिए प्रत्यक्ष जगह का दौरा करते हैं.

# पुलिस भर्ती के लिए बोगस प्रमाणपत्र

**भायंदर**. पुलिस में भर्ती होने के लिए प्रकल्प पीडित का बोगस प्रमाणपत्र जमा कराने वाले ५ उम्मीदवारों के खिलाफ काशीमीरा पुलिस थाने में केस दर्ज कर उन्हें निष्कासित कर दिया गया है. इससे पूर्व भी इसी तरह के मामले में ५ उत्तीर्ण उम्मीदवारों को भी निष्कासित कर दिया गया था. इस तरह से बोगस प्रमाणपत्र के आधार पर पुलिस सेवा में नौकरी की कोशिश करने वाले अब तक कुल १० उम्मीदवार अपात्र ठहराए गए हैं. इन सभी उत्तीर्ण उम्मीदवारों ने बोगस दस्तावेज जमा कर सरकार को धोखा दिया है, इसलिए उन्हें निष्कासित कर केस दर्ज किया गया है. उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों को मौका दिया जायेगा. उतीर्ण हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों का सत्यापन करने के अलावा प्रकल्प प्रभावित उम्मीदवारों की शिकायत मिलने पर हमने उसका सत्यापन किया, जिससे यह मामला प्रकाश में आया.

**प्रकाश गायकवाड, पुलिस उप - आयुक्त (मुख्यालय**

प्रकल्प ग्रस्त होने का बोगस प्रमाण पत्र सादर करने वाले १० परीक्षार्थियों के खिलाफ काशीमीरा पुलिस थाने में अपराध दर्ज कराया गया है. ऐसे लोगों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है. इस प्रकरण में गहराई से जांच करने के लिए विशेष टीम की नियुक्ति की गई है. बोगस प्रमाण पत्र देने वालों का चयन रद्द कर लिया गया है. बोगस प्रमाण पत्र बनाने में उनकी मदद करने वालों को भी आरोपी बनाया गया है.

**- श्री कांत पाठक, अपर पुलिस आयुक्त**

# वसई में थी नकली कॉस्मेटिक सामान बनाने वाली फैक्ट्री

मुंबई : कंट्रोल यूनिट ने एक करोड.रुपये से ज्यादा का नकली कॉस्मेटिक सामान जब्त किया है। सीनियर इंस्पेक्टर नितिन पाटील ने बताया कि बडे-बडे ब्रांड के नाम से यह नकली कॉस्मेटिक सामान वसई की एक फैक्ट्री में वनता था। फैक्ट्री मालिक ने नालासोपारा में गोडाउन बनाया हुआ था। वहां यह सामान जमा होता था और फिर मुंबई व देश के एक अन्य शहरों में यहां से भेजा जाता था। एक टिप के वाद सी.वी. कंट्रोल यूनिट ने माहिम में रेती वंदर में रेड डाली और वहां से १८ लाख रुपये से ज्यादा का नकली कॉस्मेटिक सामान जब्त किया। वहां से मिले इनपुट्स के बाद फिर पुलिस नालासोपारा, वसई गई और वहां कई लाख का और सामान जब्त किया। सवीर मसालावाला और जितेंद्र करिया नामक दो आरोपियों को वाद में अरेस्ट किया गया।

# मामाकेयर द्वारा नवजात बच्चों की देखभाल करेगा वॉक्हार्ट अस्पताल



**जेकेएस संवाददाता**

मिरारोड: नवजात बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए वॉक्हार्ट अस्पताल के मामाकेयर ने नियोनेटल एंड पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर युनिट शुरू किया हैं। यह युनिट के माध्यम से जन्मजात बिमारी से पिडीत बच्चों का इलाज किया जाएगा। इस वार्ड में २० बेड उपलब्ध करायी गयी है। इस युनिट का उद्घाटन केईएम अस्पताल के नियोनेटोलॉजी प्रोफेसर एमेरिटस डॉ रूचि नानावती, जोशी चिल्ड्रन अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अर्चना जोशी और डॉ. हेमंत जोशी ने किया। वॉक्हार्ट अस्पताल के पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर मेडिसिन के कंसल्टेंट लीड डॉ. अंकित गुप्ता, कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. नीतू मुंदडा, वॉक्हार्ट अस्पताल के ग्रुप सीईओ डॉ. पराग रिंदानी, सेंटर हेड डॉ. पंकज धमीजा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार भी इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे। नवजात शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद देखभाल की आवश्यकता होती हैं। लेकिन कई बच्चे ऐसे होते हैं जो जन्मजात किसी बिमारी से पिडित होते हैं। जैसे की, हृदयदोष, हाइपोग्लाइसिमिया, रक्तसंबंधी बिमारी, सांस लेने में तकलीफ, त्वचा बिमारी। ऐसे बच्चों की संख्या बढती जा रही हैं। ऐसी स्थिती में बच्चों को चिकित्सा देखभाल के लिए पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट में भर्ती कराया जाता है। इसे देखते हुए वॉकहार्ट अस्पताल के मामा केयर ने बच्चों की देखभाल करने के लिए अपने एनआईसीयू और पीआईसीयू का विस्तार किया है। इस यूनिट में शिशुओं को चौबीसों घंटे देखभाल सुविधा उपलब्ध होगी। मिरारोड के वॉक्हार्ट अस्पताल के कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. नीतू मुंदडा ने कहा की, माता की प्रसूती के बाद बच्चे की सेहत की देखभाल करना काफी जरूरी होता हैं। ऐसे नवजात शिशू को नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट(एनआईसीयू) में रखकर देखभाल की जाती हैं। इसलिए मामाकेअर द्वारा बच्चों की अच्छी तरह से चिकित्सा कराने के लिए अस्पताल में नियोनेटल एंड पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर युनिट शुरू किया गया है। मिरारोड के वॉक्हार्ट अस्पताल के पीडियाट्रिक क्रिटिकल केअर मेडिसिन कंसल्टेंट लीड डॉ. अंकित गुप्ता ने कहा कि, पीआईसीयू (पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट) अत्याधुनिक वेंटिलेटर, हाई फ्रीक्वेंसी ऑसिलेटिंग वेंटिलेटर, रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी जैसे सीआरआरटी, एचडी, पेरिटोनियल डायलिसिस, एक्स्ट्रा कॉर्पोरियल लाइफ सपोर्ट, पोस्ट ऑपरेटिव और पोस्ट ट्रांसप्लांट केयर, नेगेटिव प्रेशर आइसोलेशन प्रदान करता है।


Ghar Estate
The Real Solution
Buy Sell Rent
Flats Shops Bungalows Plots
Kishor Sharma Sushil Rajhans
9821542469 9322603964 9870282083
0/5, A-8, SHANTI VIHAR, NR. RLY. STATION, MIRA ROAD (E), THANE - 401 107

LION VISION CHARITABLE TRUST
REG.NO.E/9118/SURAT MO.9723121361
6100/-
124, DHARA ARCAD MAHADEV CHOWK MOTA VARACHHA SURAT

Get FIT WITH US...
COMPLETE TRANSFORMATION ACADEMY A PREMIUM FITNESS STUDIO
STRONG BY ZUMBA
ZUMBA FITNESS
YOGA
CROSS FIT
BOLLYWOOD FREESTYLE
FUNCTIONAL TRAINING
BOKWA
FITNESS CLUB
ZUMBA MIX & MATCH PACKAGE
WE TAKE PERSONAL TRAINING FOR WORKOUT & DANCE CHOREOGRAPHY.
Book for a demo & experience the vibe
Contact : 93200 93208 / 90823 79684

Manisha : 8898253578 / 9372866131
Prabha Salon Only For Ladies
Skin | Hair | Makeup | Classes
Home Service Available
Sector-5, Shanti Nagar, C/14, Gr. Floor Room No.001, Anubhav Chs.ltd., Near Shiv Sena Office, Mira Road (E) Thane - 401107.

Pramod Dubey Govt. Auth. Stamp Vendor
9869152957 8355987974
ANKUR STAMP VENDOR
Purchase, Sale of: Flats, Shop & L.L. Basis
Stamp Paper
Revenue Stamp
Court Fee Stamp
Affidavit & Notary
Online L. L. & Sale greement
Society Documents
Office : Shop No. 06, Adeshwar Krupa, Opp. Bank of India, Shanti Park, Mira Road (E), Dist. Thane - 401 107.
E - mail : p.dubey989@gmail.com

Jamal Shaikh 8097863035 9967248904
Moin Shaikh 9920540025 7718940025
J.K. AIR COOL
Spl in : Refrigerator, Windows / Split Air Conditioner, Washing Machine, Network Cooling Tower
SALES | REPAIR | PURCHASE
Annual Maintenance Contract for AC, Fridge & Washing Machine
Shop No.6, Saidham Apt., Near Apollo Pharmacy, Stn. Road, Mira Road (E)

Ramkesh Yadav Director 9322311106
Dosti Associates
Developers | Realtors | Consultants
Flat No. 402, B-65, Sector No.1, Shanti Nagar, Mira Road, Thane - 40107
Email : dostiassociates@gmail.com

Dr. Anuj Garg Medical Director General Physician & Surgeon Reg. No.: 73067-A-1
Priyanshi Hospital & Maternity
9867086618 / 9322086618
anujgarg.priyanshi@gmail.com
B-004, Sai Vikas Apartment, Opp. New Petrol Pump, Sai Baba Nagar, Mira Road (E), Thane - 401107.
Facilities: Surgery, Plastic Surgery, Laproscopic Surgery, Medicine Cardiology, Gynaecologist & Obstetrics, Orthopedic, Child Specialist, Cardiac Monitor, Oxygen, Pathology
Emergency 24 Hours

MOB: 9224789797
शिखरे फुट वेअर
GENTS, LADIES, KIDS & SCHOOL SHOES
Shikhare Foot Wear

Mohammed Tariq A.Q. Khan
CLASSIC HOUSING
9820461267 9820661267
Add.: Shop No. 4, B/66, Sector 1, Shanti Nagar, Opp. TMT Bus Stop, Mira Road (E) - 401107.
classichousin@gmail.com

UMESH 9870282073
OM SAINATH AUTO DEAL
BUYING & SELLING OF NEW & USED CARS VECHILE LOAN- INSURANCE
SHOP NO.3, SAI KRUPA BLDG., NEAR PLEASANT PARK, MIRA BHAYANDER ROAD MIRA ROAD ( E ), THANE - 401 107.

RAMZAN - 8779522132 8424849879
Liyakat - 8898246196
A.R. AUTO
BUY | SALE | EXCHANGE

Mrs. Asha Ramesh Kohale Cell : 9833583319 9869571122
A51700024751
OM SAI ESTATE AGENCY
Contact for Buying, Selling, L.L. Basis of : FLATS, SHOPS, OFFICE PREMISES
Shop No. 11, Shree Shraddha CHS. Ltd., MIG Bldg. No. 2, MHADA Complex, Srishti, Mira Road (E), Dist. Thane-401107.

Dr. Ajay L. Dubey Proprietor
99671 19955 91671 19955
KESHAV ESTATE CONSULTANTS
Our Moto : We Work to Fulfil Your Dream

# हिरासत से फरार हिस्ट्रीशीटर को १२ घंटों मे धर दबोचा

मुंबई । एक मामले की सुनवाई के बाद मुंबई अमरावती जेल ले जाते समय पुलिस को चकमा देकर फरार होने वाले एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को मुंबई पुलिस के हफ्ता विरोधी दल ने १ २ घंटों के अंदर धर दबोचा है। हिस्ट्रीशीटर गणेश शिंदे को एक मामले की सुनवाई के लिए मंगलवार को मुंबई की अदालत के समक्ष पेश किया गया था। मामले की सुनवाई के बाद पुलिस को गणेश शिंदे को ट्रेन से



अमरावती ले जा रही थी. मनमाड के पास पुलिस चकमा देकर गणेश शिंदे फरार हो गया. गणेश के खिलाफ १ ६ आपराधिक मामले दर्ज है. मामले की खबर मिलते ही मुंबई पुलिस हरकत में आ गई. मुंबई पुलिस के हफ्ता विरोधी दल ने उसे १ २ घंटों के अंदर ही सायन इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। सह पुलिस आयुक्त (क्राइम) लखमी गौतम, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शशि कुमार मीना, पुलिस उपायुक्त बाल सिंह राजपूत, सहायक पुलिस आयुक्त रामचंद्र लोटलीकर के निदेर्शानुसार उक्त कारवाई मुंबई पुलिस हफ्ता विरोधी दल के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक ज्ञानेश्वर गडोरे, पुलिस निरीक्षक सुनील पवार, अरुण थोरात, सहायक पुलिस निरीक्षक मारुति कदम, पुलिस उप निरीक्षक जालिद्र लेम्भे, पुलिस हवलदार विजय थोरात, महेश धादवड, सचिन, मुंबई क्राइम ब्रांच ४ के प्रभारी पुलिस निरीक्षक इंद्रजीत मोरे की टीम ने उक्त कारवाई की है।

# ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही, गैरेजवालों के अतिक्रमण से जनता परेशान

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर. मीरा-भायंदर शहर में इस समय पार्किंग की समस्या विकराल है. शहर में अधिकांश इमारतें ग्राम पंचायत और नगर परिषद काल के हैं. विकासकों ने उस समय निर्मित भवनों में पार्किंग की सुविधा नहीं दी थी. निजी वाहनों की पार्किंग की सुविधा शहर में नहीं है. नतीजतन मुख्य सडक़ों पर ही वाहन पार्क किए जाते हैं, जिससे असुविधा का सामना रहिवासियों को करना पडत़ा है. हालांकि विधायक गीता जैन ने तत्कालीन नगर विकास मंत्री एकनाथ शिंदे से मीरा-भायंदर विधानसभा क्षेत्र में ४-५ स्थानों पर वाहनों की पार्किंग के लिए पार्किंग स्थल बनाए जाने की मांग की थी, लेकिन अब तक उस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं देखी गई है. शहर में दो पहिए वाहनों के लिए ५८ गैरेज, ३ पहिये वाहनों के १७ गैरेज तथा ४ पहिये वाहनों के ६८ ऐसे कुल १४३ गैरेज हैं. वाहनों के मरम्मत के समय गैरेज वाले सडक़ों की खुली जगह पर भी कब्जा कर लेते हैं.

गैरेज वाले नए व पुराने वाहनों की बिक्री के लिए भी सडक़ों पर अतिक्रमण किया जाता है, जिससे यातायात में बाधा पहुंचती है और लोगों को जाम जैसी समस्या का सामना करना पडत़ा है. वर्तमान में मेट्रो का कार्य तीव्र गति से शुरू है. इस कार्य के लिए सडक़ पर भारी वैरिकेट्स लगाएं गए हैं, जिससे सडक़ों की चौडाई यातायात के लिए आधी हो गई है. वहीं सडक़ों के दोनों ओर नो पार्किंग क्षेत्र में भी अवैध रूप से वाहनों को पार्क कर दिया जाता है, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या सुलझाने में यातायात विभाग को कडी मेहनत करनी पडत़ी है.

मीरा भायंदर मनपा क्षेत्र में विकास योजना एवं संबंधित विकास नियंत्रण एवं प्रोन्नति विनियमों के अनुसार मीरा रोड शांति नगर, नया नगर, पेणकरपाडा पाडा, भायंदर पूर्व के केबिन रोड से जैसल पार्क, भायंदर पश्चिम डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर (६० फुट रोड) पर स्थायी पार्किंग की आवश्यकता है.

शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए काशी मीरा यातायात पुलिस द्वारा नो पार्किंग में खडे.वाहनों पर नियमित कार्यवाही की जाती है. पिछले ५ महीनों में करीब ८.५३७ दुपहिया व चार पहिया वाहनों पर कार्रवाई की गई है. नो पार्किंग में खडे.५८५२ बाइक पर केस दर्ज कर ३० लाख ३० हजार रुपए दंड वसूल किए

शहर की आबादी के साथ वाहनों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है, इस वजह से अवैध पार्किंग बढ.रही है और वाहन धारक चालक बिना किसी हिचकिचाहट के सडक़ों पर ही वाहनों की पार्किंग कर रहे है, जिससे हमेशा ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न होती है. भविष्य में पार्किंग की समस्या और भी बढ. जाएगी, इसलिए प्रशासन को समय पर ध्यान देने की आवश्यकता है

मनपा प्रशासन शहर क विकास योजना में वाहन डिपो के लिए भूखंड आरक्षित करके उन्हें विकसित करना चाहिए. अब राज्य सरकार ने इमारतो के निर्माण के लिए चार चटाई क्षेत्र की अनुमति दी है. अधिकांश पुरानी इमारतों का पुनर्विकास करते समय विस क्षेत्र में फ्लैटों की संख्या में वृद्धि होगी, जिसका असर जनसंख्या वृद्धि पर भी होगा, साथ ही वाहनों की संख्या में भी वृद्धि होगी.

# लोकसभा, विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के चुनाव प्रमुख की घोषणा

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी ने अगले साल होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए ४८ लोकसभा और २८८ विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव प्रमुखों की घोषणा कर दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने गुरुवार को कहा कि भाजपा-शिवसेना गठबंधन लोकसभा में ४५ से अधिक और विधानसभा में २०० से अधिक सीटें जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। वे प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर महा विजय अभियान २४ के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. श्रीकांत भारतीय, महाजनसंपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक प्रवीण दरेकर, प्रदेश महासचिव विजय चौधरी, विक्रांत



पाटिल, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के महाराष्ट्र अध्यक्ष डॉ संजय पांडेय, वरिष्ट नेता अतुल शाह, मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये, मीडिया विभाग के प्रमुख नवनाथ बान आदि मौजूद थे। बावनकुले ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा नियुक्त चुनाव प्रमुख भाजपा के साथ-साथ शिवसेना उम्मीदवारों को भी सहयोग करेंगे। हमारे चुनाव प्रमुख शिवसेना के लिए भी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नौवें वर्ष के मौके पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत १० जून को नांदेड.में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा भी प्रदेश में सभा को संबोधित करेंगे। इस अभियान में मोदी सरकार की उपलब्धियों को आम आदमी तक पहुंचाया जाएगा। बावनकुले ने बताया कि इस अभियान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा भी आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान में घर-घर जाकर मोदी सरकार और शिंदे फडणवीस सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देने वाली पुस्तिकाएं बांटी जाएंगी। पार्टी के कार्यकर्ता इस अभियान के जरिए ३ करोड.परिवारों तक पहुंचने वाले हैं। इस अभियान में टिफिन मीटिंग के जरिए कार्यकताओं से बातचीत की जा रही है। बावनकुले ने यह भी उल्लेख किया कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कल नागपुर में टिफिन बैठक में शामिल हुए थे और उन्होंने अक्कलकोट में टिफिन बैठक में भाग लिया था। बता दें कि बारामती लोकसभा क्षेत्र के लिए विधायक राहुल कुल, पुणे के लिए मुरलीधर मोहोल, उत्तर मुंबई के लिए विधायक योगेश सागर, मावल के लिए विधायक प्रशांत ठाकुर, दक्षिण मुंबई के लिए कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढा, ठाणे के लिए डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे सहित अन्य दिग्गजों को चुनाव प्रमुख नियुक्त किया गया है।

# किन्नर भी समाज के अभिन्न अंग है - महामंडलेश्वर हिमांगी सखी

**जेकेएस संवाददाता**

**मीरा रोड** : किन्नरों को देखकर आप हंसे नहीं, उनका उपहास न करें, उनका मजाक न उडाए, वह अपने जीवन यापन के लिए इसी समाज पर निर्भर हैं. जैसे आप अंधों को अंधा न कहें, लंगडे.को लंगडा न कहें, उसी तरह से किन्नरों को भी हिकारत की नजर से न देखें. वे भी इसी समाज के अंग हैं. शिव को अर्धनारीश्वर कहा गया. अर्जुन को भी अज्ञातवास का एक साल बृहन्नला (किन्नर) के रूप में बिताना पडा था. कृष्ण को अहिरावण से शादी करने के लिए किन्नर बनना पडा, लेकिन शादी के दूसरे दिन अहिरावण की बलि के बाद वे फूट-फूट कर रोने लगे थे. यह बात श्रीश्री १००८ महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने मीरा रोड स्थित विरूंगला केंद्र में आयोजित किन्नर दिवस समारोह में किन्नरों और नरों के बीच कही. किन्नरों की दुनिया में ऊंचाई प्राप्त करने वाली हिमांगी सखी ने अपने जीवन के संघर्षों को याद किया और बताया कि उनका बचपन मीरा रोड के सेक्टर ९ में बीता है. आज वह अपनी पढाई के बल पर किन्नरों की दुनिया में बहुत आगे निकल चुकी हैं. किन्नर दिवस वर्ष के छठे महीने के छठवें दिन शाम ६ बजे प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है. यह बात श्री महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की सदस्य रेखा त्रिपाठी ने कही. स्वर संगम फाउंडेशन के सहयोग से मीरारोड में आयोजित उक्त समारोह में मुंबई और आस पास में रहने वाले किन्नर उपस्थित थे. महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के जाने के बाद भी किन्नरों का समूह विरूंगला केंद्र में पहुंचता रहा. रात के साढे.९ बजे हॉल किन्नरों से भर गया था. कुछ किन्नरों ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को भाव विभोर कर दिया. सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से किन्नरों को कानूनी अधिकार तो प्राप्त हुआ हैं। और भारतीय संविधान द्वारा अनुसूचित जाति को मिलने वाला आरक्षण भी दे दिया गया है. लेकिन इस कानूनी अधिकार का व्यवहारिक रूप तभी दिखाई देगा, जब नौकरियां पाने के लिए उनके पास न्यूनतम योग्यता होगी और न्यूनतम योग्यता हासिल करने के लिए उनके लिए शिक्षा की व्यवस्था होगी. यही उनके जीवन की सबसे बडी चुनौती है.

# निजी स्कुलों की हुई मनमानी चालु

पालघर : सरकार भले ही नई शिक्षा नीति से तमाम परिवर्तन का ढिंढोरा पीट रही हो, लेकिन स्कूलों की निगरानी का कोई तंत्र नहीं है। जिससे शैक्षिक सत्र शुरू होने के साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी भी शुरू हो जाती है। ज्यादातर स्कूलों द्वारा अभिभावकों को अध्ययन सामग्री व स्कूल ड्रेस स्कूल के अंदर या मनचाही दुकानों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, अब इस सामग्री को बेचने के तरीकों में थोड़ा बदलाव किया गया है। इस सामग्री के मिलने का स्थान स्कूल प्रबंधक खुद बता रहे हैं। अभिभावक जब बच्चों को दाखिला दिलाने आते हैं तो ठिकाने की जानकारी दे दी जाती है। ये काम ज्यादातर उन स्कूलों में हो रहा है, जिनके पास सीबीएससी की मान्यता है। शिक्षा के नाम पर स्कूलों में शुरू हुई खुल्लम खुल्ला लूट का असर जिले के लाखों अभिभावकों पर पड़ रहा है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया भी जोरों पर चल रही है, शहर के कई स्कूलों में जमकर भारी-भरकम डोनेशन भी लिया जा रहा है। हालांकि, नाममात्र के कुछ स्कूल ऐसे भी हैं, जहां डोनेशन से परहेज रखा जा रहा है। जिले के निजी स्कूल हर तरफ से पैसा कमाने पर उतर आए हैं। मनमाने ढंग से फीस निर्धारित करनेवाले निजी स्कूल संचालकों ने नया सत्र प्रारंभ होते ही ड्रेस, जूता, मोजा के साथ ही स्टडी मेटेरियल के नाम पर कमीशनखोरी का खेल शुरू हो गया है। बेहतर शिक्षा के नाम पर अभिभावकों को लूटा जा रहा है। स्कूल संचालकों ने कहीं कॉपी-किताबों और ड्रेस के लिए दुकानों से सेटिंग कर रखी है तो कहीं खुद स्कूल से बांट रहे हैं। फीस बढ़ाकर तो जेब भरी ही जा रही है, कॉपी-किताब और ड्रेस से भी मोटी कमाई की जा रही है। इन स्कूल संचालकों पर जिला प्रशासन का किसी तरह का कोई अंकुश नहीं है। निजी स्कूलों में अच्छी शिक्षा और व्यवस्था का लालीपॉप देकर अभिभावकों को ठगा जा रहा है। स्कूलों में फीस के साथ किताबों के दामों में बढ़ोतरी से अभिभावक परेशान हैं। अभिभावक कर्ज से बच्चों का दाखिला करवा रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस के नाम पर की जाने वाली मनमानी के खिलाफ शिक्षा विभाग ने कुछ बोलने की बजाय मुंह बंद कर रखा है। प्राइवेट स्कूल संचालकों से कोई यह पूछनेवाला नहीं कि आखिर किस आधार पर इतनी भारी-भरकम एडमिशन फीस वसूली जा रही है। वहीं निजी स्कूलों में पढ़ानेवाले शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता के कोई मानक तय नहीं हैं। यहां कम शैक्षिक योग्यता वाले अप्रशिक्षित लोगों को शिक्षक के रूप में शिक्षण कार्य में लगाया जाता है। इस तरह शिक्षकों को कम वेतन देकर अधिक मुनाफा कमाया जाता है, जिसके चलते भारी-भरकम फीस भरने के बावजूद भी बच्चों को उचित शिक्षा नहीं मिल पाती है। हाईफाई महंगे स्कूलों में पढ़ाने के बावजूद भी अभिभावकों को अपने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना पड़ता है। सभी निजी स्कूलों में अपनी पसंद के अलग-अलग यूनिफॉर्म हैं, जो या तो स्कूलों में ही मिलते हैं या स्कूल द्वारा निर्धारित शॉप पर सिनेटिक्स के हल्के कपड़े से निर्मित ५००-६०० के ड्रेस ९०० से १,००० तक, ४०० रुपए के स्वेटर ७०० से ८०० तक, ३० रुपए के मोजे ७० रुपए तक, ३०० रुपए के बैग ५०० रुपए तक वसूले जा रहे हैं। यह तो लिखने की भी जरूरत नहीं कि इसमें स्कूलों का कोई कमीशन नहीं होगा। दरअसल, इस मुद्दे को लेकर कोई भी अभिभावक लिखित शिकायत नहीं कर पाते हैं। क्योंकि उनको डर रहता है कि जिस स्कूल में उनके बच्चे पढ़ रहे हैं उसके खिलाफ वैंसे आवाज उठाएं, इसी का फायदा ये स्कूल उठा रहे हैं। अभिभावक अभिषेक ठाकुर ने कहा कि ड्रेस के नाम पर कमीशनखोरी की जा रही है। स्कूल वाले दुकानदार से सेटिंग कर लेते हैं या फिर वे स्वयं दुकान खोल लेते हैं। वहीं दूसरे ने कहा कि ड्रेस, किताब और कॉपी के दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हर साल किताबों में बदलाव किए जाने से अलग महंगाई की मार झेलनी पड़ती है। इस वर्ष करीब ४० प्रतिशत अतिरिक्त भार बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है। एक अन्य अभिभावक ने कहा कि नामी गिरामी निजी स्कूलों में मनमानी हो रही है। भारी-भरकम एडमिशन फीस वसूली जा रही है, वहीं एक ने बताया जो ड्रेस ४०० से लेकर ६०० तक आ रहे हैं, वह आज ७०० से ऊपर चले गए हैं। ड्रेस व कॉपी-किताबों के नाम पर अभिभावकों से भारी-भरकम पैसे वसूले जा रहे हैं।

# पांच लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज

भिवंडी भिवंडो में विद्युत चोरी को लेकर टोरेंट पावर कंपनी ने ५ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। टोरेंट पावर कंपनी के सहायक व्यवस्थापक पद पर काम करने वाले, श्रीकांता राघोलू गणापुरम्पू तथा उनके सहयोगियों द्वारा अचानक विजिट करते हुए छाप मारकर २ लाख १६०० नौ ६६ रुपए बिजली चोरी पकडी है इस मामले मैं ५ लोगों के खिलाफ शांति नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। टोरेंट पाद कंपनी के अधिकारियों द्वारा बिजली चोटें करने वालों पर लगतार की जा रही कार्यवाही से विद्युत चोरी करने वलों में हड कंप मचा हुआ है। टोटे पावर अधिकारियों के द्वार दिए गएशिकायत के आधार पर शांति नगर पुलिस स्टेशन में विद्युत अधिनियम २०२३. कलम १३५ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मुंबई नासिक महामार्ग क्रमांक- ३ अंजुर दिवे गांव के घर नंबर २७८ के मकान मालिक के २ लोगों पर ८२६५ यूनिट बिजली अधिक प्रयोग किया है। जिनकी कंमत १ लाख ८२ हजार ७४२ रुपये ३६ पैसे बताई जा रही है। दूसरी विद्युत चोरीको घटना पद्मा नगर धर्माचाल में रहनेवाली कमलाबाई चक्र परनरी पेराला, विजय गौर व राजु पेराला दारा विद्युत मीटर में उड़ा करके १४५ यूनिट बिजली चोरी की है। १३ हजार ९२४ रुपये ९३ पैसे की बिल्ली चोरी की है। इन सभी के खिलाफ शांति नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया है।



## दुखद निधन

मरुधर सादडी (राणकपुर) निवासी हाल भायंदर पत्रकार दीपक जैन (बंबोरी) के दादी श्रीमती सोहनबेन मोहनराजजी बंबोरी उम्र ८८ वर्ष का १२.३९ को नवकार स्मरण करते हुए निधन हुआ।

**शोकाकुल**
**समस्त बंबोरी परिवार**

# देश महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है, सत्ताधारी लोग मजा लूटने में मशगूल

मिरारोड : रिपब्लिकन सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सर सेनानी आनंदराज अंबेडकर के जन्मदिन के मौके पर मीरा भाईंदर शहर मैं बडे.धूमधाम से मनाया गया। मिरारोड शहर के अंतर्गत आनेवले घोडब़ंदर परिसर में जनसंपर्क कार्यालय का अनावरण शहर के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रोहित आसले इनके हाथों से किया गया। मीरा भाईंदर रिपब्लिकन सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओंने अपणे लाडले राष्ट्रीय नेता आनंदराज अंबेडकर का जन्मदिन बडे.धूमधाम से मनाया। रिपब्लिकन सेना के राष्ट्रीय नेता आनंदराज अंबेडकर का जन्मदिन के मौके पर शहर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। मीरा रोड शहर में नए पदाधिकारियों की बैठक लेकर नए पदाधिकारीयोकी नियुक्ति की गई और साथ में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। काशिमिरा इलाके के घोडबंदर परिसर के लिए रिपब्लिकन सेना के द्वारा जनसंपर्क कार्यालय का अनावरण मिरा-भाईंदर शहर जिल्हाप्रमुख एडवोकेट रोहित आसले इनके हाथो से अनावरण किया गया। इस मौके पर पटाखों की आतिषबाजी और कार्यकर्ताओंके नारेबाजी से परिसर में चैतन्यमय माहौल और कार्यकर्ताओं में जोश दिखाई दे रहा था। आनंदराज आंबेडकर जी के नाम का केक काटकर जन्मदिन की ढेर सारी बधाई कार्यकर्ताओं ने अपने लाडले नेता को दि, एक दूसरे को केक खिलाकर बडे.धूमधाम से जश्न मनाएं । कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओंको संबोधित करते हुए जिल्हा अध्यक्ष एडवोकेट रोहित आसले ने कहा की , शहर के राजनीति में अलग मोड लिया है। देश महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है, सत्ताधारी लोग मजा लूटने में मशगूल है। लोगों की तकलीफे दूर करने मे सत्ता धारियों को स्वारस्य नहीं है, लेकिन धरम के नाम पर राजनीति करके अपनी तिजोरी भरणे मे भाजपा के नेता लोग लगे हुए है। ऐसे नेताओं को सत्ता से हटाने की तयारीं जनता के द्वारा सुरू हुई है। देश मे दो राज्य के चुनाव मे सत्ताधारियों को हटाकर वहां के लोगों ने बदलाव कर लिये है।



इस शहर मे भी बदलाव की नदिया आनेवाले समय मे लाने के तयारी मे लोग लगे हुए है। इस परिसर में जुगी झोपडीयोंमे रहने वाले लोगों की हालात देखकर यहां के नेताओं को थोडी भी रहम नहीं आती है , लोगों को तकलीफों में रखना यह नेताओं का धंधा बन चुका है । लोगों को अच्छी सुविधा देने में यहां के स्थानीय नेता लोक असफल रहे है। कही सालो से यहापर राजनीति करके यहां के नगर सेवकों ने अपनी तिजोरी तो भरली हैं, लेकिन लोगों के हालात जैसे कि वैसे बने हुए हैं । मनपा के द्वारा मिलने वाली अच्छी सुविधाएं और सेवाएं लोगों तक यहां के नगर सेवक और उनकी चेलेचपोटोने पहुंचने नहीं दी। सत्ता को अपनी मक्तेदारी समजकर लोगों को डराने का और खरीदने का काम अब तक हुआ है । अब लोग जाग चुके है समज चुके है आनेवाले चुनाव मे सत्ताधारियोंको पिछे छोडकर नया नेतृत्व इस परिसर निर्माण करेंगे और इनको इनके मक्तेदारी से हटाएंगे अगर इस विभाग का विकास करना हो तो युवाओं के हाथ में यहां की डोर देनी पडेग़ी और आनेवाला समय के साथ लोग साबित भी करेंगे इस कार्यक्रम में युवाओंकी उपस्थिती बता रही है। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथी के रूपमे सचिव विजय ढवळे, भाईंदर विभाग के युवा अध्यक्ष राम जतन यादव, उपाध्यक्ष हरीओम शाहू उर्फ छोटूभाई, उपाध्यक्ष रमेश माटे, संघटक अनिल आचार्य, कामगार सेना के माणिकराव सोळंके , समाजसेवक गालिब भाई, समाजसेवक कांबळे साहब, राष्ट्रगर्जना साप्ताहिक के कार्यकारी संपादक महेबूब कुरेशी , काशिमिरा हायवे विभाग के अध्यक्ष विलास वाहुळे, वाहतूक सेना के अध्यक्ष इस्माईल शेख , उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे शाखा अध्यक्ष अरविंद सिंग , कोषाध्यक्ष विशाल गायकवाड , जितू ठाकूर , अनिल पांढरे के साथमे स्थानीय पदाधिकारीयोनें मेहनत लेकर इस कार्यक्रम को चार चांद लगाकर संपन्न किया।



# बंध आंखे खोले आयुक्त



प्रभाग क्रमांक २ जय अंबे नगर १ मनान की बेकरी का अवैध निर्माण हजारों फुट का राधेश्याम चौरसिया ने किया इसकी शिकायत भी की गई और कोई कार्यवाही नहीं हुई बंद आंखें खोले आयुक्त और अवैध निर्माण पर कार्रवाई करें कलेक्टर लैंड की जगह लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं कब होगी कार्रवाई जनता देखना चाहती है नए प्रभाग अधिकारी संजय दोंदे भी कार्रवाई नहीं कर रहे लोग टूटा हुआ देखना चाहते हैं अवैध निर्माण.



# कब टूटेगा राजा ठाकुर का अवैध बांधकाम





प्रभाग क्रमांक ३ शिव शक्ति नगर मैं राजा ठाकुर नामक ठेकेदार कई अवैध निर्माण दुकानों के किए अवैध मारिए बनाएं इसकी शिकायत करने के बावजूद इंजीनियर योगेश इसे बचा रहा है इस कारण ठेकेदार राजा के हौसले बुलंद है और कई दुकानों के अवैध बांधकाम करके माले बनाएं.

# नमक की सरकारी जमीन हड़पने वाले इरफान पठान पर एमआरटीपी के तहत जल्द होगा गुनाह दाखल





भाईंदर : गणेश देवनगर शिमला गली लास्ट में इरफान पठान ने नमक की जगह को कब्जा करके अवैध रूम बनाई जिसे २ बार तोडा गया फिर तीसरी बार बनाकर खडी की गई रूम की शिकायत कई लोगों ने की नमक विभाग के वरिष्ट अधिकारी ने आयुक्त को रूम तोडने के लिए पत्र लिखा और एम आर टी पी के तहत गुना दाखल करने के लिए प्रभाग अधिकारी को भी पत्र लिखा है शीघ्र ही सरकारी जमीन हडपने वाला इरफान पठान पर एमआरटीपी गुना दाखल होगा और पुलिस स्टेशन में भी इसके खिलाफ जमीन हडपने के कारण गुना दाखल होगा गणेश देव नगर की जनता इरफान पठान पर कार्रवाई शीघ्र हो देखना चाहती है मीरा भाईंदर महानगरपालिका के आयुक्त दिलीप डोले एमआरटीपी के तहत कार्रवाई करेंगे ऐसी चर्चा जनता में जोरों पर

# व्हिडीओं को पोस्ट करने जा रहे युवक को पुलिस ने बचाया

## आत्महत्या करने से रोका



मीरा भाइंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले भाइंदर पश्चिम पुलिस थाने ने बडा ही सराहनीय कार्य किया है। बता दे मुंबई से सटे नायगांव निवासी रेहांश ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि वह भायंदर नायगांव खाडी में आत्महत्या करने जा रहा है. इस बात की ख़बर मिलते ही पुलिस ने देर किए बगैर उस जगह पहुंच गई जंहा वह वह आत्महत्या करने के लिए जा रहा था और उसे आत्महत्या करने से पहले रोकने मे सफलता हासिल की उसके बाद उसे समझा बुझा कर लिए भायंदर पुलिस थाने लाया गया। पुलिस निरीक्षक मूगुट पाटील की जानकारी के अनुसार रेहांश मध्यप्रदेश के जबलपुर का रहने वाला है और वह मुंबई ऐक्टर बनने आया था लेकिन सफल्तता ना मिलने के कारण स्पॉट बाय का काम करने लगा. उसकी शादी एक नेपाली लडक़ी से हो गई लेकिन कुछ ही समय के बाद दोनों का तलाक हो गया. इस वजह से रेहांश परेशान हो गया और उसने आत्महत्या का फैसला कर लिया और नायगांव से सुबह १० बजे पैदल ही चल कर खाडी तक पहुंच गया और वहां वीडियो बना कर मुंबई पुलिस को टैग किया मुंबई पुलिस द्वारा एमबीवीवी के कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी गई जिस से पुलिस हरकत मे आई और उसे बचाने की हर तैयारी के साथ मौके पर पहुंच गई और बडी ही सहनशीलता के साथ उस व्यक्ती को समझा कर उसे आत्महत्या करने से रोक लिया। पिछले ५–६ दिनो से भूखा होने के कारण पुलिस थाने मे ला कर उसे जलपान कराया उसके बाद उसे टेम्बा अस्पताल मे भर्ती कराया गया। पुलिस निरीक्षक मूगुट पाटिल. एएसआई अर्जुन जाधव. हेड कांस्टेबल राजेश श्रीवास्तव और आम नागरिक अब्दुल शेख नामक व्यक्ती ने रेहांश को नई जिंदगी दिलाने मे नेक कार्य किया है।

# पेय जेल की समस्या का निदान करेंगे विधायक प्रताप सरनाईक

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर।** ओवला माजीवडा १४६ के शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक शहर के लोगों की समस्याओं के लिए न सिर्फ जागरूक रहते हैं, बल्कि उनके निवारण की भी पूरी कोशिश करते हैं। भीषण गर्मी में शहर के कई हिस्सों में पानी की किल्लत की शिकायतें मिली, इसके लिए बतौर आमदार प्रताप सरनाईक लंबे समय से प्रयासरत हैं कि मीरा भायंदर शहर की पेय जल की समस्या का निदान हो।



अपनी इसी कोशिश के तहत प्रताप सरनाईक ने गत दिनों पालघर जिले के सूर्या जल प्रकल्प का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बताया कि इस परियोजना का काफी कार्य पूरा हो चुका है और कार्य निरंतर प्रगति पर है। सरनाईक के अनुसार अगले साल अप्रैल तक मीरा भायंदर के लोगों की पेय जल की समस्या का समाधान हो जायेगा और यहां २४ घंटे पानी की आपूर्ति होने लगेगी। आपको बता दें कि सरनाईक के साथ सूर्या प्रकल्प के इस निरीक्षण के मौके पर १४५ की विधायक गीता जैन और मनपा में जलापूर्ति विभाग के मुख्य अभियंता सुरेश वाकोडे भी मौजूद थे। इस दौरान शहर के तमाम मीडिया कर्मी भी उनके साथ जाकर वहां जल संयंत्र का अवलोकन किये। इस खबर की जानकारी मिलने के बाद मीरा भायंदर के आम नागरिकों का कहना है कि विधायक हो तो ऐसा हो।

ज्ञात हो कि लगातार तीसरी बार आमदार चुने गए प्रताप सरनाईक ने एकनाथ शिंदे सरकार के गठन के बाद करोड़ों का फंड शहर के लिए एलॉट करवाया है। जिससे कई समाजों के भवन, छात्रावास, नये पालिका भवन, हॉस्पिटल, स्वीमिंग पूल आदि के भूमि पूजन किये जा चुके हैं। लता मंगेशकर नाट्य गृह इस शहर के लिए प्रताप सरनाईक का खास उपहार माना जा रहा है।

प्रताप सरनाईक की इसी कार्य क्षमता को देखते हुए मीरा भायंदर और ठाणे शहर की जनता उनको लगातार चुनती जा रही है और यह भी संभावना है कि आने वाले चुनाव भी वे इसी तरह फतह करते रहेंगे।

# मीठालाल जैन का हुआ सत्कार

भायंदर। मीरा–भायंदर शहर में शून्य से शिखर तक का सफर तय करने वाले मीठालाल जैन को उनके द्वारा शहर के विकास, सामाजिक, शैक्षणिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों, सामाजिक सेवा से जुडे.गतिविधियों में दिए जा रहे सराहनीय योगदान, शहर में पेयजल लाने में ऐतिहासिक भूमिका को देखते हुए प्रेस क्लब ऑफ मीरा–भायंदर (रजि.) द्वारा वर्ष २०२२– २३ का प्रथम मीरा–भायंदर रत्न पारितोषिक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष अनिल चौहान, महासचिव महेंद्र वानखेडे, सहसचिव अमित तिवारी, सदस्य चतुर्भूजा पांडे, राकेश विश्वकर्मा, मयूर ठाकुर, अनिल नौटियाल, अजय तिवारी, रोहित ठाकुर आदि उपस्थित थे। भायंदर के सरपंच तथा ठाणे जिला परिषद के अध्यक्ष पद से राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर सांसद तक की गरिमा को गौरवान्वित करने तथा सोनम बिल्डर्स का एक विशाल साम्राज्य स्थापित करने वाले मीठालाल जैन ने अपने उम्र के ८९ वें पडाव पर मंगलवार ६ जून को अपने व्यावसायिक जीवन से निवृत्ति की घोषणा की।




# समाजसेवक मोजेस चिनप्पा ने उठाई आवाज, छत्रपती शिवाजी महाराज के मुद्दे पर

भायंदर। सामाजिक कार्यकर्ता मोजेस चिनप्पा ने छत्रपति शिवाजी महाराज के तस्वीर के दुरुपयोग पर आपत्ति जताई है। प्रॉपर्टी इवेंट के बैनर पर बिना किसी अभिवादन के छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर लगाए जाने पर चिनप्पा ने आपत्ति जताई है। साथ ही इस आशय से संबंधित शिकायत पुलिस तथा मनपा प्रशासन से की है। गौरतलब हो कि मीरारोड पूर्व के एस.के. स्टोन के पास स्थित सालासर सेंटर ग्राउंड पर २ से ४ जून तक तीन दिवसीय हॉट प्रॉपर्टी एग्जीबिशन का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम के बैनर पर अश्वारूढ. छत्रपति शिवाजी महाराज के तस्वीर का उपयोग किया गया है। जिसमें उनसे संबंधित कोई भी आदर युक्त अभिवादन नहीं दर्शाया गया है। इस पर मोजेस चिनप्पा फाउंडेशन के अध्यक्ष मोजेस चिनप्पा ने गहरी आपत्ती



दर्शाई है, तथा इसे शिवाजी महाराज का अपमान बताया है। अपने लिखित शिकायत में चिनप्पा ने कार्यक्रम से संबंधित बैनर व सोशल मीडिया पर किए गए प्रचार को तुरंत हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के कुल–देवता हैं। किसी व्यवसायिक कार्यक्रम के आयोजन में बिना आदर युक्त अभिवादन के शिवाजी महाराज के तस्वीर का इस्तेमाल करने से शिव प्रेमियों की भावनाएं आहत हुई है। शिवाजी महाराज के नाम का उल्लेख अथवा उनके फोटो का प्रयोग सदैव आदर युक्त अभिवादन और सम्मान के साथ लिया जाना चाहिए। आज अगर इस पर कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में कोई भी छत्रपति शिवाजी महाराज का अनादर करने का प्रयास करेगा। इसलिए उन्होंने इसकी लिखित शिकायत की है। मोजेस चिनप्पा ने कहा कि मै हमारे महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे एवं मनपा आयुक्त दिलीप ढोले से नम्र निवेदन करना चाहता हूंकि इस विषय को गंभीरता से लें और तुरंत सभी पोस्ट हटवाने की कृपा करे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI